प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

प्रादेशिक समाचार

26.11.2026 **11:00 बजे**

संविधान दिवस

आज संविधान दिवस मनाया जा रहा है। वर्ष 1949 में संविधान सभा द्वारा भारत के संविधान को अपनाए जाने की याद में यह दिवस मनाया जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संविधान दिवस की 77वीं वर्षगांठ के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने डॉक्टर भीमराव अम्बेदकर और संविधान सभा के अन्य सभी महान व्यक्तियों को श्रद्धाजंलि अर्पित की। प्रधानमंत्री ने कहा कि संविधान के रूप में हमे दिया गया ये उपहार भारतीय लोकतंत्र की एक अमूल्य विरासत है। उन्होंने कहा कि ये दिवस संविधान के मूल्य को मजबूत करने की प्रतिबद्धता को दोहराने का अवसर है।

संविधान दिवस के अवसर पर आज शिमला में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा चौड़ा मैदान स्थित डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा से रिज मैदान पर स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा तक संविधान रक्षा मार्च का आयोजन किया जाएगा।

आग

प्रदेश में महीने भर से मौसम शुष्क बना हुआ है जिससे अब आगजनी की घटनाएं बढ़ने लगी हैं। किन्नौर, चंबा और कुल्लू जिला में आगजनी की घटनाओं से नुक्सान होने के समाचार हैं।

किन्नौर जिला के चगांव में बीते 3 दिनों से जंगलों में आग भड़की है जिससे गिर रहे मलबे की चपेट में आने से कल सड़क पर चलती एक गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई जिसमें सवार एक महिला की मृत्यु हो गई जबकि दो व्यक्ति घायल हुए हैं। घायलों का उपचार जे एस डब्ल्यू अस्पताल शोल्टू में चल रहा है।

कुल्लू जिला में भी मणिकर्ण घाटी की पीणी पंचायत में कल दोपहर बाद आगजनी की घटना में एक अढ़ाई मंजिला मकान पूरी तरह जलकर राख हो गया। आग की घटना में ग्रामीणों ने आग बुझाने के प्रयास किए जबकि फायर चौकी जरी से अग्निशमन दल ने भी आग पर काबू पाने की कोशिश की लेकिन इस अग्निकांड में लाल चंद और डोले दो लोगों का संयुक्त मकान पूरी तरह जलकर राख हो गया।

वहीं चंबा जिला के सलूणी उपमंडल के संघणी बाजार में बीती रात आग लगने की एक घटना में 6 दुकानें और एक दो मंजिला मकान जलकर राख हो गया। घटना में कई लोगों का रोजगार खत्म हो गया वहीं लाखों के नुक्सान के साथ कुछ लोगों

की रिहायश भी आग की भेंट चढ़ गई। घटना में किसी प्रकार का जानी नुक्सान नहीं हुआ है।

दुग्ध उत्पादक

प्रदेश में दुग्ध उत्पादकों की आर्थिकी मजबूत करने की दिशा में कांगड़ा जिले के ढगवार में करीब 300 करोड़ रुपये की लागत से अत्याधुनिक दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्र तैयार किया जा रहा है। इससे 4 जिलों के हजारों किसानों को लाभ मिलने की उम्मीद है। पेश है एक रिपोर्ट.....

ढगवार में निर्माणाधीन इस संयंत्र की प्रतिदिन डेढ़ लाख लीटर दूध प्रसंस्करण की क्षमता होगी। यहां मोजरेला चीज, पनीर, दही, घी और मक्खन जैसे उत्पाद तैयार किए जाएंगे जिन्हें हिम ब्रांड के तहत बाजार में उतारा जाएगा। इस परियोजना से कांगड़ा, ऊना, चंबा और हमीरपुर के दुग्ध उत्पादकों को बेहतर बाजार उपलब्ध होगा और उनकी आय बढ़ाने के अवसर मिलेंगे। संयंत्र के डिजिटलीकरण के लिए सरकार 1ण्25 करोड़ और सुचारू संचालन के लिए 29ण्49 करोड़ रुपये की कार्यशील पूंजी उपलब्ध करवाएगी। ढगवार का यह संयंत्र प्रदेश में दुग्ध क्रांति को नई गति देने के साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और रोजगार के नए अवसर सृजित करने में मील का पत्थर साबित होने की उम्मीद है।

कांगड़ा एयरपोर्ट

प्रदेश में बेहतर हवाई सेवाओं के लिए कांगड़ा एयरपोर्ट का विस्तार किया जा रहा है। इस एयरपोर्ट को 1 हजार 3 सौ 76 मीटर की मौजूदा लंबाई से बढ़ाकर 3 हजार 10 मीटर लंबा किया जाना है जिससे यहां बड़े यात्री विमान लैंड कर पाएंगे। एयरपोर्ट के विस्तारीकरण के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। जिला पर्यटन अधिकारी विनय धीमान ने जानकारी देते हुए बताया कि एयरपोर्ट के विस्तारीकरण के लिए 95 प्रतिशत भूमि अधिगृहित की जा चुकी है और प्रभावित परिवारों को मुआवजा देने के लिए निर्धारित 2 हजार 5 सौ 80 करोड़ में से 2 हजार 400 करोड़ रूपए आवंटित किए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि एयरपोर्ट से जुड़ी भूमि अधिग्रहण और मुआवजा वितरण की प्रक्रिया तेजी से पूरी की जा रही है।

जेईई (मेन)

संयुक्त प्रवेश परीक्षा–जेईई–मेन के पहले सत्र के लिए पंजीकरण कराने का आज अंतिम दिन है, जिसमें विलंब शुल्क भी शामिल है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए जानकारी दी है कि कल तक 15 लाख 73 हजार पंजीकरण फॉर्म जमा किए जा चुके थे, जिनमें से 13 लाख 96 हजार उम्मीदवारों ने सफलतापूर्वक अपनी फीस का भी भुगतान कर दिया है।